# चार प्रमुख एक्सप्रेसवे पर बनाए जाएंगे 26 नए चार्जिंग स्टेशन

## तीन एक्सप्रेसवे पर 14 जनसुविधा परिसरों को किया जाएगा विकसित

राब्यू, जागरण● लखनऊ : प्रदेश के एक्सप्रेसवे पर अब चार्जिंग की चिंता से मुक्त होकर ई-व्हीकल फर्राटा भर सकेंगे। योगी सरकार जल्द राज्य के चार प्रमुख एक्सप्रेस-वे पर नए चार्जिंग स्टेशन शुरू करने जा रही है। फिलहाल 26 चार्जिंग स्टेशन शुरू किए जाएंगे, जिन्हें आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे, पूर्वांचल एक्सप्रेसवे, बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे और गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे पर संचालित किया जाएगा। यूपी ईवी पालिसी-2022 के तहत विभिन्न एक्सप्रेस-वे पर चार्जिंग स्टेशन की स्थापना की जा रही है। पूर्वांचल, बुदेलखंड और गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे पर 14 जनसुविधा परिसरों का भी विकास किया जाएगा।

● आगरा-लखनऊ, पूर्वांचल और बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे पर आठ-आठ, गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे पर दो चार्जिंग स्टेशन लगेंगे

302 किमी लंबे आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर आठ नए चार्जिंग स्टेशन स्थापित होंगे। साथ ही 341 किलोमीटर लंबे पूर्वांचल एक्सप्रेसवे और 296 किलोमीटर लंबे बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर भी आठ-आठ नए चार्जिंग स्टेशन शुरू होंगे। वहीं, 91 किलोमीटर लंबे गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे पर दो नए चार्जिंग स्टेशन स्थापित किए जाएंगे। एक्सप्रेसवे पर चार्जिंग स्टेशनों के लिए मेसर्स अदाणी टोटल एनर्जी ई-मोबिलिटी लिमिटेड का चयन किया गया है। वाहनों की चार्जिंग दरें भी जल्द तय होंगी। पूर्वांचल एक्सप्रेसवे, बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे व गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे पर चिह्नित 14 जनसुविधा परिसरों को भी विकसित किया जा रहा है। गोरखपुर लिंक एक्सपेसवे पर दो जनसुविधा परिसरों को पीपीपी माडल पर विकसित करने के लिए भारत पेट्रोलियम कारपोरेशन लिमिटेड का चयन हो चुका है, शेष 12 का निर्माण ईपीसी माडल पर यूपीडा द्वारा कराना प्रस्तावित है।